हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अप्रैल 2026

06 रेड वाहन, संदिग्ध क्रिया व पुलिस की पारखी नजर…



09 ओलों के साथ आसमान से बरसी आफत की…





## खबर संक्षेप

### रबी उपार्जन 15 से होगा आरम्भ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार, जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा किया गया। जिले में रबी उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से आरम्भ हो रहा है। उपार्जन के सुचारू और सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा विस्तृत निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी परिपेक्ष्य में एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से बारदाना, तोल कांटा, तकनीकी सामग्री, इंटरनेट, पेयजल तथा किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, भंडारण व्यवस्था, तौल यंत्रों की सटीकता, किसानों की सुविधा, सुरक्षा उपायों आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आज

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर जिला की जिला स्तरीय बैठक रविवार को शाम 5 बजे धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार शाम 6 बजे संभागीय भाजपा कार्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर दीप प्रज्वलित करेंगे तथा संगठन के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रहित के संकल्प को दोहराएंगे। भाजपा जिला महामंत्री एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम संचालन जिला टोली संयोजक चैन सिंह ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के समर्पण, संघर्ष और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। दीपोत्सव के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन की एकता, सेवा और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को और अधिक मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और सेवा भावना को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है तथा स्थापना दिवस का यह आयोजन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।



### भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने बच्चों से किया संवाद

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार, स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों ने विभिन्न शालाओं में पहुंचकर बच्चों के साथ एक संवाद किया। इस संवाद के दौरान बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया, पढ़ाई के प्रति उत्साह जगाना तथा उनके भविष्य को उज्वल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन जिले की विभिन्न शालाओं में हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया गया। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

मंत्री ने कहा-केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से सुरखी में बढ़ी विकास की रफ्तार

# सड़क, नाली और सामुदायिक भवनों से मजबूत होगा गांव व नगर का विकास : गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। क्षेत्रवासियों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क, जल निकासी, सामुदायिक भवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सौंदर्यीकरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बिलहरा नगर परिषद एवं आसपास के क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा को विकास के मामले में प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल करना उनकी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से लगातार जनहितकारी कार्यों को गति दी जा रही है।

### करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन

मंत्री राजपूत ने बिलहरा नगर परिषद क्षेत्र में नाली निर्माण एवं सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही हनुमान मंदिर के चबूतरा निर्माण, सामुदायिक भवन एवं टीनशेड निर्माण तथा मड़खेड़ा जागीर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सहित अन्य करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। नाली और सीसी रोड बनने से जल निकासी की समस्या दूर होगी, सड़कों पर कीचड़ और गंदगी से मुक्ति मिलेगी तथा लोगों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। वहीं सामुदायिक भवन बनने से गांव और नगर के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है और देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच और विकास शील दृष्टिकोण से मध्यप्रदेश भी प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।


मंत्री राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं, लाड़ली बहना योजना के जरिए प्रदेश की बहनों को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिल रहा है, वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को लाखों रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर गांव-नगर में विकास की रोशनी पहुंचे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्य करना ही नहीं, बल्कि आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसी सोच के साथ प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सामाजिक सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है।

### क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास

मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। आने वाले समय में भी क्षेत्र के गांवों और नगरों में आवश्यकतानुसार नए विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाकर उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।कार्यक्रम के अंत में मंत्री राजपूत ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण का जो अभियान चल रहा है, उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। सुरखी विधानसभा में भी इसी भावना के साथ निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर और भी अधिक विकसित और समृद्ध दिखाई देगी।

इस अवसर पर डॉ सुखदेव मिश्रा, सेवक प्रसाद पांडे, जितेंद्र पांडे, राहुल गर्ग, मूरत सिंह राजपूत, देवी सिंह, शिवराज सिंह वीर सिंह, प्रीतम सिंह, एडवोकेट अर्जुन पटेल, अरविंद सिंह, एडवोकेट नरेंद्र अहिरवार, वीरेंद्र तांतवाय, राजाराम लोधी, इंद्रपाल लोधी, रमेश यादव, सीताराम पटेल,मेहताब पटेल, तेज सिंह पटेल, शोभाराम चढ़र, देवी सिंह, सरमन रैकवार, चंदू साहू, बबलू साहू, किशोरी अहिरवार, कृष्ण अहिरवार, भागीरथ अहिरवार सहित सैकड़ो ग्रामवासी एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### प्रसिद्ध पार्श्वगायक कैलाश खेर के गीतों से होगा तीन दिवसीय खुरई डोहेला महोत्सव का शुभारंभ

**खुरई।** देश के दिग्गज सिने गायकों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजे तीन दिवसीय खुरई डोहेला महोत्सव-2026 का शुभारंभ 5 अप्रैल की शाम छह बजे से होगा। खुरई के एतिहासिक किला मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस देश के प्रसिद्ध पार्श्वगायक कैलाश खेर इस आयोजन में अपनी प्रस्तुति देंगे। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा 11 वर्ष पहिले आरंभ किए गए तीन दिवसीय डोहेला खुरई महोत्सव में अभी तक बालीवुड के ख्यातिप्राप्त शीर्षप्लेबैक सिंगर, भजन गायक और कुमार विश्वास जैसे कवि अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। यह आयोजन पिछले पांच वर्षों से तीनों दिन सोशल मीडिया पर पाप ट्रेंड करता है। लाखों दर्शक हर शाम किला मैदान के भव्य मैदान में इस आयोजन के लिए जुटते हैं लेकिन चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के कारण सभी दर्शक परिवार सहित इन प्रस्तुतियों का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम के आरंभ व समापन पर होने वाली रंगारंग आतिशबाजी का एक अलग ही आकर्षण होता है। इस वर्ष खुरई के युवा और विद्यार्थियों के विशेष आग्रह पर खुरई डोहेला महोत्सव को जनवरी के स्थान पर अप्रैल माह में आयोजित किया गया है ताकि भीषण सर्दी और वार्षिक परीक्षाओं में व्यवधान से मुक्त होकर आयोजन का भरपूर आनंद लिया जा सके। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इस आयोजन को बुंदेलखंड व प्रदेश का प्रमुख आयोजन बनाने के लिए अनेक स्तरों पर निरंतर परिश्रम करके इस आयोजन को व्यवस्थित व गरिमापूर्ण बनाया है। उन्होंने आयोजन स्थल खुरई किले तथा इससे सटे हुए तालाब व डोहेला जल मंदिर के सौंदर्यीकरण पर योजनाबद्ध तरीके से काम किया और इस स्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बना दिया। दर्शकों को बैठने के लिए निरंतर मैदान में सुधार कार्य किए गए। किले के भीतर स्थित मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, डोहेला परिसर स्थित कुंड में आकर्षक प्रकाश संयोजित फाउंटेन लगाए गए, पार्क तथा ग्रीन ग्रास से पूरे मैदान को सज्जित किया गया। आयोजन स्थल तक सुगमता से पहुंचने और निकासी को द्वारों की संख्या बढ़ाई गई और इस वर्ष सीसीटीवी तथा स्टेडियम के स्टेयर्स ने आयोजन स्थल को ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है।

### नारायण ने ही विभिन्न स्वरूप धरकर जन-जन तक पहुंचाया कथा का अमृत



**रहली।** स्थानीय कृषक स्टेडियम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास पंडित रामकृपाल त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण की हृदयस्पर्शी लीलाओं का वर्णन करते हुए जीवन के गूढ़ रहस्यों और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान आध्यात्मिक मर्यादाओं पर चर्चा करते हुए महाराज श्री ने एक महत्वपूर्ण उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने किसी भी अन्य व्यक्ति को प्रणाम नहीं करना चाहिए। मंदिर या कथा स्थल पर जब भगवान साक्षात विराजमान हों, तो हमारी श्रद्धा और नमन केवल परमात्मा के लिए होना चाहिए, क्योंकि समस्त शक्तियों का केंद्र वही हैं। पंडित त्रिपाठी ने श्रीमद्भागवत के अवतरण की अद्भुत व्याख्या करते हुए बताया कि यह कथा स्वयं साक्षात नारायण का स्वरूप है। उन्होंने विस्तार से समझाया: सबसे पहले भगवान नारायण ने यह दिव्य ज्ञान ब्रह्मा जी को दिया। जब ब्रह्मा जी इसे जनमानस तक पहुँचाने में संकोच कर रहे थे, तब नारायण ने ही ब्रह्मा का रूप धरकर देवर्षि नारद को कथा सुनाई। पुनः नारायण ने ही नारद बनकर महर्षि वेदव्यास को प्रेरित किया। व्यास रूप में उन्होंने शुकदेव जी को दीक्षित किया और अंततः शुकदेव के स्वरूप में राजा परीक्षित को कथा सुनाकर उनका मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि वक्ता और श्रोता के रूप में भगवान स्वयं ही लीला रचते हैं ताकि जीव का कल्याण हो सके। छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और रास पंचाध्यायी के प्रसंगों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुनों पर भक्त झूमते नजर आए और पूरा वातावरण 'जय श्री कृष्ण' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।




### युवा कांग्रेस ने वीरांगना झलकारी बाई की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**सागर।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की मुख्य उपस्थिति में उप नगरीय क्षेत्र मकरोनिया में किया गया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत में उपस्थितजनों ने पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पूण्य स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अदम्य साहस और अद्वितीय वीरता की प्रतिमूर्ति झलकारी बाई ने 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई के सेनादल में महत्वपूर्ण नेतृत्व निभाते हुए अपने अद्भुत शौर्य, बुद्धिमत्ता और रणनीति से पराधीनता की बेड़ियों को तोड़ने का प्रेरणादायक संदेश दिया। उनका त्याग,पराक्रम और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण सदैव भारत की हर बेटी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वीरांगना झलकारी बाई द्वारा किए गए कार्यों को आत्मसात करने की हम सभी को आवश्यकता है। श्रद्धांजलि सभा में मकरोनिया ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सदर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि उमाहिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अरविंद बंटी पंथी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष साहित्य पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मोतीलाल कुर्मी आदि मौजूद थे।

## रहली में क्षत्रिय महासभा की बैठक, सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श और धन संग्रह को लेकर क्षत्रिय महासभा जिला सागर की बैठक रहली स्थित रामराजा गार्डन में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए लखन सिंह ने कहा कि यह आयोजन पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह की प्रेरणा से समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगा। लखन सिंह ने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्य निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को सहयोग मिल सके और उन्हें समाज के अन्य वर्गों के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने बताया कि समाज में कई ऐसे परिवार हैं, जो अपनी बेटियों का विवाह अच्छे तरीके से करना चाहते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण वे आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं कर पाते।उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए समाज के लोगों ने संकल्प लिया है कि इन बेटियों के विवाह को सम्मानजनक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए सम्मेलन में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आयोजन पूरी गरिमा के साथ सम्पन्न हो सके।

बैठक में उपस्थित समाज के नागरिकों ने सम्मेलन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं धन संग्रह को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान लखन सिंह ने कहा कि सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए आयोजन को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि विवाह के लिए चयन पात्र कन्याओं का उनकी वास्तविक आर्थिक स्थिति के आधार पर किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को ही इसका लाभ मिल सके। चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा जाएगा।




### महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरी खुरई ब्लॉक कांग्रेस, प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खुरई ।** गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि, अपर्याप्त उपलब्धता, खाद्य पदार्थों की मूल्य वृद्धि एवं पेट्रोल-डीजल की कमी, खुरई शहर के बाहर संपूर्ण शराब दुकानों को स्थापित करने की मांग एवं किसानों की समस्याओं सहित भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने राजीव चौक से एस.डी.एम. ऑफिस तक हाथों में खाली सिलेंडर, स्लोगन लिखी तख्तियाँ, साईकिल और झंडे लेकर ब्लॉक कांग्रेस खुरई के ग्रामीण अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला एवं खुरई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड.शाकिर खान के नेतृत्व में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी मनोज चौरसिया को सौंपा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला ने कहा कि देश की जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है और अब घरेलू गैस की किल्लत ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को भ्रमित करने के बजाय रसोई गैस की कमी दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। खुरई (शहर) ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड.शाकिर खान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आम लोगों की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर रही। उन्होंने कहा कि गैस सिलिंडरों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और कई जगहों पर समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही। सरकार तत्काल गैस आपूर्ति को सुचारू करे और कीमतों पर नियंत्रण लगाए, ताकि आम परिवारों को राहत मिल सके। एवं चेतावनी दी कि यदि गैस की किल्लत और महंगाई सहित स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो और बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने अटल पार्क का किया औचक निरीक्षण

# अटल पार्क में स्वच्छता व्यवस्था में कमी देखकर संचालक और रख-रखाव एजेंसी को नोटिस देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर में बने पार्क हरियाली और सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षक प्रदूषण नियंत्रक समृद्ध ऑक्सीजन बैंक हैं, इनकी देखरेख और रखरखाव आवश्यकतानुरूप समय पर करें उक्त सख्त निर्देश निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने शनिवार को अटल पार्क का ओचक निरीक्षण कर दिये। उन्होंने अटल पार्क में साईकिल ट्रेक, पैदल पाथवे, अटल मूर्ति प्रांगण, ओपन ऐयर थिएटर सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और अटल पार्क में पड़ी खाली प्लास्टिक बॉटल, रेपर आदि कचरा देखकर संचालक व रखरखाव प्रबंधक एजेंसी को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सागर शहर को प्रथम स्थान पर लाने के लिए समग्र प्रयास किये जा रहे हैं ऐसे में जरा सी भी लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा की तत्काल स्वच्छता सुनिश्चित करें व आवश्यकतानुसार रिपेयरिंग और पेंटिंग कार्य करायें ताकि अटल पार्क व्यवस्थित और आकर्षक दिखे। स्वच्छता में कमी की कोई गुंजाइस न रहे। सूखी पत्तियों को कम्पोस्ट पिट हौदी में एकत्र कर खाद का निर्माण करें। पार्को की सूखी पत्तीयां आदि कचरा यहीं के यहीं खाद बनकर उपयोग में लें। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन, प्लास्टिक पानी बॉटल आदि पार्क ने न ले जाने दें। इससे पार्को में गंदगी कचरे को कम किया जा सकेगा। पार्क में घूमने आने वालों को सख्त हिदायत दें की खाद्य पदार्थों के रेपर आदि अन्य कचरा नजदीकी डस्टबिन में ही डालें।

पार्क में यहां वहां कचरा फैलाने वालों पर सीसीटीवी एवं अन्य निगरानी के माध्यम से जुर्माना करें। डस्टबिन में एकत्र कचरा कूड़ा कचरा कलेक्शन वाहनों में देकर प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाना सुनिश्चित करें। निगम प्रशासन और नागरिकों के बीच विभिन्न सेवाओं की प्रबंध एजेंन्सीयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है पार्को के संचालन व रखरखाव को और बेहतर बनाएं। स्वच्छता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। यहां के शांत और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं व पुरुष आदि स्थानीय नागरिक स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं यहां स्वच्छता व्यवस्था सहित प्रत्येक अत्यावश्यक सुविधा बेहतर हो। ताकि सुबह शाम यहां आने वाले आगनतुकों को सर्वसुविधायुक्त हैल्दी वातावरण का लाभ मिले। और यहां की स्वच्छता देखकर उन्हें भी स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा मिले।

## रैकी, रॉड और रफ्तार से चोरी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह बेनकाब

# रेड वाहन, संदिग्ध क्रिया व पुलिस की पारखी नजर से पकड़ा गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कार्यक्षेत्र की जमीनी ठोस जानकारी, अनुभव, पारखी नजर और उपलब्ध तकनीकी सुबिधाओं का अगर सटीक उपयोग किया जाए तो बड़े से बड़ा शातिर चोर या अपराधी अपने लाख कोशिशों के बावजूद भी पुलिस की पकड़ से नहीं बच सकता। इसका ताज़ा उदाहरण पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के सटीक निर्देशन एबं एसडीओपी राहुल कटरे के कुशल नेतृत्व में हुई कार्यवाही के चलते पकड़े गये अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के रूप में सामने आया है। जिसका खुलासा पुलिस द्वारा किया गया। जिसमें एसपी मंडलोई एबं एसडीओपी कटरे ने ज़ब क्षेत्र में होने बाली चोरी की बारदातों पर अंकुश लगाने के लिये जाँच पड़ताल की तो कुछ समय में ही गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसमें पुलिस ने लाखों रूपये की नगदी, आभूषण, हथियार, औजार, बाहन सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




### दो गांव में बड़ी वारदात अंजाम देकर दी पुलिस को चुनौती

थाना बम्हौरीकलां की चौकी कनेरा अंतर्गत ग्राम कुढ़याला 6 व 7 मार्च की मध्यरात्रि में सूरज राजपूत के घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अलमारी से करीब 5 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। इसके कुछ दिन बाद ही खरगापुर थाना की चौकी देरी अंतर्गत ग्राम छिदारी में 15 व 16 मार्च की मध्य रात्रि बल्दू रैकवार के घर अज्ञात चोरों ने रात के समय धावा बोलते हुए ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोर सीधे अलमारी तक पहुंचे और सोने चांदी के जेवरात सहित कुल 1 लाख 70 हजार का सामान और 18 हजार रूपये नगद लेकर फरार हो गए। इस घटना में कुल 1 लाख 88 हजार रूपये की चोरी हुई, जिसके बाद थाना खरगापुर में मामला दर्ज किया गया। उक्त दोनो बड़ी घटनाओ के बाद पुलिस ने सटीकता से मामले की जांच शुरू की, जो अंततः अंतर्राज्यीय गिरोह के खुलासे तक पहुंची।

### सुनसान मकानों की रैकी, रॉड व रफ्तार से चोरी करने वाला गिरोह

पुलिस के हत्थे चढ़े अंतर्राज्जीय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि सुनसान मकानों की रेकी, आधी रात को ताले तोड़ने की सटीक योजना और वारदात के बाद तेज रफ्तार से फरार होने के पैटर्न पर कार्य करने वाला अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पुलिस के मेगा ऑपरेशन में धर दबोचा गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में गठित चार विशेष टीमों ने समन्वित कार्रवाई करते हुए इस शातिर गिरोह का पर्दाफाश कर 18 लाख 88 हजार का मशरूका बरामद किया है। जिले के थाना खरगापुर चौकी देरी और थाना बम्हौरीकलां क्षेत्र में हुई दो बड़ी चोरी की घटनाओं ने पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी थी। इसके बाद तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के जरिए पुलिस ने गिरोह की गतिविधियों को ट्रैक किया और 30 मार्च को ईशानगर छतरपुर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी संगठित तरीके से काम करते थे और नौगांव में किराए के मकान में रहकर वारदात की योजना बनाते थे। ये पहले ग्रामीण व सुनसान क्षेत्रों में घूमकर ऐसे घर चिन्हित करते थे, जहां सीसीटीवी न हो और मकान बंद दिखाई देता हो। फिर देर रात 12 से 4 बजे के बीच ताले तोड़कर घर में घुसते और सीधे अलमारी-लॉकर को निशाना बनाते थे। गिरोह के सदस्य अलग-अलग भूमिकाओं में काम करते थे, जिसमें कुछ सदस्य बाहर निगरानी रखते, जबकि अन्य सदस्य अंदर चोरी को अंजाम देते। वारदात के बाद सभी आरोपी कार से फरार हो जाते थे।

### लाल गाड़ी व संदिग्ध गतिविधि पर पड़ी पुलिस की नजर बनी घातक

एसडीओपी राहुल कटरे ने पूछने पर बताया कि उक्त चोरी की बड़ी घटनाओं की ज़ब एसपी मंडलोई के नेतृत्व में गहराई से पड़ताल की गई तो क्षेत्र में एक लाल चारपहिया गाड़ी रात में रैकी करती हुई सीसीटीवी में दिखाई दी। यह गाड़ी बाहर की लग रही थी जिसकी खोजबीन की गई। और वाहन समेत 2 लोगो को शक के आधार पर पकड़ कर ज़ब पूंछताछ की तो सारा मामला खुल गया। गिरफ्तार 6 आरोपियो में विवेक उर्फ स्वामी अहिरवार निवासी धौरा थाना अजनर जिला महोबा, प्रवेंद्र राजपूत निवासी धौरा थाना अजनर जिला महोबा, रोहित राजपूत निवासी धौरा थाना अजनर जिला महोबा, प्रवीण राजपूत निवासी ग्राम कुल्हेड़ा थाना मझगुवा जिला हमीरपुर, नरेंद्र उर्फ नंदू बाबा राजपूत निवासी ग्राम जरौली थाना खरेला जिला महोबा, और हिमांशु राजपूत निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जिला महोबा शामिल है। उपरोक्त सभी आरोपियों को ईशानगर जिला छतरपुर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दोनों घटनाओं में कुल चोरी किया गया 6 लाख 88 हजार मूल्य का माल एवं चोरी में प्रयुक्त एक डिजायर कार एवं एक बोलेरो जप्त की गई। जिसकी कुल कीमत 18 लाख 88 हजार रूपये आँकी गई। जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, नगद राशि, वाहन एवं चोरी में प्रयुक्त औजार शामिल हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से दो 315 बोर के अवैध कट्टे एवं कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर शीघ्र गठित होगी नई कार्यकारिणी

# पत्रकार हितों की लड़ाई होगी तेज प्रदेश प्रभारी के दौरे से हलचल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और कल्याण को लेकर संघर्ष तेज करने के संकेत देते हुए पत्रकार कल्याण परिषद के प्रदेश प्रभारी रामबाबू सिंह परिहार ने साफ कहा कि पत्रकारों के हितों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। वे इन दिनों संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर पत्रकारों की समस्याओं को समझने के उद्देश्य से जिले के दौरे पर हैं। पलेरा आगमन पर उनका पत्रकारों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच उनका स्वागत कर स्थानीय पत्रकारों ने उत्साह और एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्राम गृह में आयोजित बैठक में उन्होंने पत्रकारों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

उन्होंने कहा कि पत्रकार कल्याण परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के हक और न्याय की लड़ाई का मंच है, जो प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न प्रांतों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और जुझारूपन ने संगठन को नई पहचान दिलाई है। प्रदेश प्रभारी ने स्पष्ट किया कि जिले के दौरे का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और स्थानीय पत्रकारों की समस्याओं का समाधान कराना है। इसी कड़ी में उन्होंने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर जल्द ही नई कार्यकारिणी के गठन के संकेत दिए, ताकि संगठन और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सके। दौरे के दौरान संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए सौरभ खरे को प्रदेश समन्वय समिति का सदस्य, आशीष रजक को जिला अध्यक्ष तथा गौरव वर्मा को पलेरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्तियों के बाद उपस्थित पत्रकारों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन के प्रति विश्वास जताया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से काम करने का भरोसा दिलाया। बैठक में पत्रकारों ने सुरक्षा, बंद पड़ी योजनाओं को पुनः शुरू कराने और सुविधाओं के विस्तार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

प्रदेश प्रभारी ने इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने और उन्हें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और संगठन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान जिले के कई वरिष्ठ और सक्रिय पत्रकार मौजूद रहे, जिनकी सहभागिता ने बैठक को सार्थक और प्रभावी बना दिया।

## अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम बना ग्रामीण विकास का पर्याय

# निर्माण नहीं परिणाम आधारित विकास करें पंचायतें: श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ग्रामीण स्वच्छता और जल प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार की दिशा में जिला एक नई पहचान बना रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शनिवार को ग्राम पंचायत राधापुर एवं नन्ही टेहरी पहुंचकर चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया और इसकी गुणवत्ता तथा कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने घरों के बाहर बनाए गए सिल्ट चैंबर, पाइपलाइन कनेक्टिविटी एवं ग्रे वॉटर के वैज्ञानिक प्रबंधन प्रणाली को समझा। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर इस नवाचार से हो रहे लाभ और उनके अनुभव भी जाने। ग्रामीणों ने बताया कि इस व्यवस्था से गांव में गंदगी कम हुई है और जल निकासी की समस्या में सुधार आया है।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत नन्ही टेहरी में निर्माणाधीन अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों का बेहतर प्रबंधन और नवाचार ही ग्रामीण विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने इस मॉडल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अपनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इससे लोगों को बेहतर जीवनशैली और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। जिले में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से ग्रे वॉटर प्रबंधन की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। इस प्रणाली के तहत घरों के बाहर सिल्ट चैंबर बनाए गए हैं, जिनमें किचिन और वॉशरूम से निकलने वाले पानी को जोड़ा गया है। सभी चैंबर्स को 8 इंच की पाइपलाइन से जोड़कर ड्रेनेज को पूरी तरह अंडरग्राउंड किया गया है, जिससे गंदा पानी



खुले में नहीं बहता। ड्रेनेज के अंतिम छोर पर लीच पिट बनाकर पानी का वैज्ञानिक निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह मॉडल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। ज्ञात हो कि जिले की 162 ग्राम पंचायतों में इस नवाचार को लागू किया जा रहा है, जिससे टीकमगढ़ ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार बड़ागांव पलक जैन, जिला समन्वयक जिला पंचायत मनीष जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# विद्यालय का नवीन भवन शीघ्र जुड़ेगा नल-जल योजना से: सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

प्रदेश में संचालित स्कूल चलें हम अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम शिक्षा, प्रेरणा और सम्मान का आयोजन बन गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को न केवल लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन का संदेश मिला, बल्कि मेधावी छात्रों के लिए पुरस्कारों की घोषणा ने उनके उत्साह को दोगुना कर दिया।

इससे पूर्व विद्यालय में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव भी मनाया गया था। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध जनों ने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या, राजेश नायक तथा बीईओ आरके जैन की उपस्थिति में संस्था प्रमुख महेश रावत ने सभी अतिथियों का तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह लक्ष्य निर्धारित कर पूरी एकाग्रता, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करना चाहिए, तभी सफलता संभव है। इस अवसर पर कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ सह-शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील खटीक ने विद्यालय के नवीन भवन को शीघ्र नल-जल योजना से जोड़ने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ा प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए खेल उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन योग प्रभारी रामसिंह राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिससे पूरा परिसर उत्साह और ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम में दिया सफलता का मंत्र, सम्मान व पुरस्कारों की घोषणा**

## जांच अभियान में 40 वाहन चालकों पर कार्रवाई

# जीरो टॉलरेंस के तहत पुलिस की सख्त चेकिंग, संदिग्धों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में सख्त यातायात अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में मुख्य चौराहों से लेकर अंतर्राज्यीय सीमाओं तक सघन वाहन जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत 3 अप्रैल को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर 235 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 40 वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 हजार 100 रूपये का अर्थदंड वसूला गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ही नहीं, बल्कि जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से भी चलाया जा रहा है। इसी के तहत अंतर्राज्यीय बॉर्डर क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की समय रहते जांच की जा सके। अभियान के दौरान पुलिस ने यह भी सुनिश्चित किया कि एम्बुलेंस, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आपात सेवाओं की आवाजाही निर्बाध बनी रहे। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन चलाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था दोनों के लिए नागरिकों की सजगता और सहयोग जरूरी है। पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराध नियंत्रण में भी मदद मिल सके।



# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव रेलवे पटरी पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और



शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। युवक ने नीली जीन्स और फुल बाह की सफेद शर्ट पहन रखी थी। उसके गले में रुद्राक्ष की छोटी गुरिया की माला और दाहिने हाथ की कलाई में काले रंग का रेशमी धागा बंधा हुआ है, जो उसकी पहचान के महत्वपूर्ण संकेत हो सकते हैं। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है, लेकिन फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव मिलने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। थाना खरगापुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस अज्ञात युवक के संबंध में कोई जानकारी हो या वह उसे पहचानता हो, तो तत्काल थाना खरगापुर के मोबाइल नंबर 7389280370 पर संपर्क कर सूचना दें। पुलिस का कहना है कि आम नागरिकों की मदद से ही मृतक की पहचान संभव हो सकेगी और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी।

## कलेक्टर व पूर्व विधायक ने किया स्थल निरीक्षण व जनता की सुनी समस्याएं

# पूर्वजों की आस्था का मिला प्रतिफल, नृसिंह मंदिर पुनर्निर्माण राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बान सुजारा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के एवज में श्री बिहारी जू नृसिंह मंदिर ट्रस्ट को 57 लाख 18 हजार की राशि जारी की गई है, जिससे मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नवीन निर्माण कार्य कराए जाएंगे। शनिवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत डिकोली पहुंचकर मंदिर निर्माण कार्यों को लेकर बैठक की और अधिकारियों को निर्माण कार्य प्राथमिकता से एवं गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मंदिर परिसर के सौंदर्याकरण, श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास तथा मंदिर क्षेत्र को धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि मंदिर के विकास से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर ग्राम डिकोली में





ग्रामवासियों के साथ मंदिर निर्माण को लेकर समग्र चर्चा की गई और उनके सुझाव भी लिए गए। बैठक के दौरान यह बात भी सामने आई कि वर्षों पहले जिन अज्ञात दानदाताओं और पूर्वजों ने अपनी भूमि मंदिर के लिए समर्पित की थी, आज उसी भूमि के अधिग्रहण के बदले मिली राशि से मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हो रहा है। भले ही वे दानदाता आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आस्था और समर्पण आज भी मंदिर निर्माण के रूप में आशीर्वाद बनकर सामने आ रहा है। ऐसे सभी अज्ञात दानदाताओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिरों की भूमि पर अतिक्रमण और दुरुपयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई और कहा गया कि मंदिरों की भूमि हमारे पूर्वजों की आस्था का सुरक्षा कवच है, इसलिए इसकी सुरक्षा और संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत डिकोली में जनसुनवाई भी आयोजित की।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने संवत 2015 के अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण नामांतरण नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने तहसीलदार बड़ागांव पलक कुमार जैन को निर्देश दिए कि संवत 2015 के बाद उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार परीक्षण कर नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कुछ ग्रामीणों ने खाद्यान्न पर्ची से नाम कटने की शिकायत भी की, जिस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने जनपद सीईओ मनीष शेंडे को तत्काल निरीक्षण कर पात्र लोगों के नाम पुनः जोड़ने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी, जनपद सीईओ मनीष शेंडे, तहसीलदार बड़ागांव पलक कुमार जैन, जिला समन्वयक जिला पंचायत मनीष जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि कलेक्टर श्रोत्रिय के सानिध्य में ग्राम डिकोली में आयोजित यह बैठक केवल निर्माण कार्यों की समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें आस्था, इतिहास, प्रशासन और जनसमस्याओं के समाधान का समग्र स्वरूप देखने को मिला।

सोंईकला से मानपुर, ढोढर और विजयपुर क्षेत्र तक पसरी बर्बादी

# ओलों के साथ आसमान से बरसी आफत की बारिश,अन्नदाता बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर





शनिवार को अचानक आसमान में घुमड़े बादल ओलों के साथ ऐसे बरसे जिससे खेतों में फसल के रूप में जग रही किसानों की उम्मीद धूल धूसरित होकर रह गई। ओलों के साथ बरसी इस बारिश ने जिले भर में बर्बादी पसार कर रख दी। बारिश से सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है जो इस समय पककर कटाई को तैयार थी। सोईकलां से ढोढर तक (अट्ठाइसा क्षेत्र) में ओलो से सबसे अधिक बर्बादी देखी गई। वही विजयपुर में भी ओलो ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया।

शनिवार को शाम 4:00 के करीब अचानक आसमान पर बादल घुमड़ आए और बारिश शुरू हो गई बारिश के साथ-साथ कई स्थानों पर बड़े-बड़े ओले गिरने की सूचना मिली इन ओलों के किसानों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालें जो बर्बादी की कहानी बता रहे थे। सबसे अधिक नुकसान अट्ठाइसा क्षेत्र में बताया जा रहा है। सोई कला निवासी देवेंद्र गौड़ ने बताया कि ओलो से सिर्फ सोई कला गांव ही बचा है बाकी सोईकलां ग्राम पंचायत के कई खेत भी ओलो से बर्बाद हो गए। सोईकला, चिमलका,शंकरपुर और कोटरा का माड, बगडुआ, दातरदा, जैनी, मानपुर,दुर्गापुरी सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई। ढोढर निवासी बरकत खान ने बताया कि बारिश के साथ ओले गिरने से पूरे ढोढर क्षेत्र दुर्गापूरी से लेकर मानपुर तक फसल बर्बाद हो गई। उधर विजयपुर क्षेत्र भी ओलो की जद में आ गया जिससे कटाई के लिए खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन में मिलकर मटियामेट हो गई।

### पंजीयन करा दिया पर बेच नहीं पाएंगे फसल

सरकार ने किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने के उद्देश्य से फसल तुलाई सेंटर खोल दिए हैं हालांकि तुलाई अभी शुरू नहीं हुई है लेकिन ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिए गए हैं कई किसान जिन्होंने अपने खेतों में गेहूं की फसल बोई हुई है फसल तोले के लिए पंजीयन कर लिए हैं सोई कला से मानपुर क्षेत्र तक किसानों ने भी इसी क्रम में पंजीयन करा लिए हैं लेकिन इस आफत की बारिश के बाद वह अपनी फसल खरीद केंद्र पर बेच सकेंगे ऐसा लग नहीं रहा है क्योंकि बारिश ओर ओलों की मार से फसल जमीनदोज हो गई है और अगर जैसे तैसे किसान फसल को निकाल भी लेते हैं तो फिर पानी में भीगने के बाद उक्त फसल में वह गुणवत्ता नहीं रह जाती रह जाएगी जिसकी डिमांड हर किसान से शासकीय समर्थन मूल्य खरीद केंद्र पर की जाती है। ऐसे में किसानों की बची फसल भी ओने पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ेगा।

### फसल के साथ बेटी के विवाह के अरमान भी बर्बाद





शनिवार को ओलो की मार से जो फसल बर्बाद हुई है उसने कई किसानों कि उन उम्मीदों को भी मटिया मेट कर दिया है जो उम्मीद किसानों ने फसल से लगाई हुई थी दरअसल इस समय क्षेत्र में आखातीज और उसके बाद आने वाले पीपल पूर्णिमा मुहूर्त में शादी विवाह की तैयारी की जा रही है अधिकतर किसान फसल बेचकर शादी करते हैं यहां यही चलन है इस बार भी अक्षय तृतीय पर सैकड़ो विवाह होने वाले हैं और इस विवाह में किसान हमेशा की तरह फसल बेचकर शादी करने वाले हैं लेकिन ओलो से हुई बर्बादी के बाद अब कई पिताओं की उम्मीद भी धूमिल हो गई हैं उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह अब अपनी बेटी के हाथ कैसे पीले करेंगे या तो उन्हें बेटी की शादी के लिए कर्ज लेना पड़ेगा या फिर शादी की तारीख आगे बढ़ाने पड़ेगी।

मामला वर्ष 2021 में बड़ौदा तहसील में सामने आए बाढ़ राहत घोटाले का

# शासन देगा तहसीलदार पर कोर्ट में केस चलाने की अनुमति, पुलिस ने भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढाई करोड़ के बाढ़ राहत घोटाले में लिप्त पाए गए 18 पटवारियों के खिलाफ न्यायालय में केस चलाने की अनुमति पुलिस को कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिल गई है। अब जेल में बंद तहसीलदार अमिता सिंह तोमर के खिलाफ कोर्ट में केस चलाने की अनुमति शासन प्रदान करेगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा शासन को विधिवत पत्र लिख दिया गया है। शासन से अभियोजन की अनुमति मिलने के बाद ही तहसीलदार के खिलाफ पुलिस कोर्ट में चालान पेश करेगी। जिसके बाद ही कोर्ट में सुनवाई हो पाएगी।

यहां बता दें कि एसडीओपी बडौदा अवनीत शर्मा के द्वारा 18 पटवारियों के विरूद्ध धारा 420, 467, 468 भादवि इजाफा धारा 409, 120-बी भादवि, 13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति दिए जाने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा को पत्र लिखा था। इसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा 18 पटवारियों के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इनमें मेवाराम गोरछिया पुत्र टुडियाराम गौरछिया, हेमन्त मित्तल पुत्र केशव मित्तल, राजकुमार शर्मा पुत्र पोखपाल शर्मा, महेन्द्र सिंह जाटव पुत्र दयाराम जाटव, सुमित देशलेहरा पुत्र मातादीन देशलेहरा, योगेश जिन्दल पुत्र गिरीश जिन्दल, विनोद भूषण पुत्र कैलाशनारायण भूषण, अखिलेश जैन पुत्र गुलाबचंद जैन, भोलाराम गुप्ता पुत्र नागाराम गुप्ता, हुकुमचंद बिसारिया पुत्र गोपाल बिसारिया, राजवीर जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव, बृजराज मीणा पुत्र महावीर मीणा, रामनरेश जाटव पुत्र मोरपाल जाटव, रामदयाल जागा पुत्र शंभूदयाल जागा, सोनेराम धाकड पुत्र जगदीश धाकड, नीतेश मीणा पुत्र रामलखन मीणा, संजय रावत पुत्र हाकिम सिंह रावत, शंकरलाल मर्सकोले शामिल है।

### शासन को है अनुमति देने का अधिकार

पुलिस सूत्रों की माने तो सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोर्ट में केस प्रस्तुत करने से पहले इसकी अनुमति शासन और प्रशासन से लेना जरूरी होता है। क्योंकि पटवारियों की अभियोजन स्वीकृति का अधिकार जिला प्रशासन के पास होता है,इसलिए 18 पटवारियों के खिलाफ अभियोजन चलाने की स्वीकृति कलेक्टर अर्पित वर्मा ने प्रदान कर दी। जबकि तहसीलदार स्तर के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में केस चलाने की अनुमति देने का अधिकार शासन के पास है। इसलिए पुलिस ने तहसीलदार अमिता सिंह पर कोर्ट में केस चलाने की अनुमति प्रदान करने के लिए शासन को पत्र लिख दिया है।

### इनका कहना..

18 पटवारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जिला प्रशासन से मिल गई है। तहसीलदार के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति शासन की ओर से प्रदान की जाएगी। इसके लिए शासन को पत्र लिख दिया गया है।

अवनीत शर्मा
एसडीओपी,बड़ौदा

# पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित सर्वोपरि:भूषण



श्योपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को जिले के कराहल एवं पांडोला मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत हुई, जिसमें कराहल मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी, जिला महामंत्री संजय आकोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट, हरिसिंह मीणा लवली, जिपं अध्यक्ष गुड्डीबाई, मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, मेहरवान सिंह यादव आदि मौजूद रहे वहीं पांडोला मंडल में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, महावीर सिंह सिसोदिया, नीरज जाट, गौपाल आचार्य एवं पांडोला मंडल अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा आदि मौजूद रहे। कराहल मंडल प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसका श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने बूथ स्तर तक काम कर घर घर से लोगो को पार्टी की सदस्यता दिलाई है,उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य यही है कि हमें पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए पार्टी की विचारधारा से जनजन को परिचित करायें जो कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है। इसके अलावा पांडोला मंडल में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने सम्बोधित करते हुए केन्द्र ओर राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में पहुंचकर लोगो को जागरूक करने का आव्हान किया।

# तीन कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस



श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा सरारी, कूपरा, कपूरा मिनी, लहरौनी ए,बी एवं लहरौनी आदिवासी के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र लहरौनी बी की कार्यकर्ता प्रीति जादौन, कपूरा मिनी की आंगनबाडी कार्यकर्ता संतोषी रावत एवं सरारी ए की कार्यकर्ता गुलाब बाई अनपुस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित

# बच्चे भारत का भविष्य और शिक्षक उनके भाग्य विधाता: गगन सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बच्चे भारत का भविष्य हैं और आप (शिक्षक) उनके भाग्य विधाता। इसलिए आपके पास कितनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है इसे समझे। यह बात एसडीएम गगन सिंह मीणा ने शनिवार को स्कूल चले हम अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सोईकलां में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षकों को समझाइश देते हुए कही।

1 से 4 अप्रैल के बीच 'स्कूल चले हम' अभियान के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर अर्पित के निर्देश पर प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों ने सरकारी स्कूलों में पहुंचकर छात्रों को प्रेरित किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के लिए मार्गदर्शन दिया। इस क्रम मे शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सोईकलां में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे एसडीएम गगन सिंह मीणा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के महत्व को समझने एवं अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी शिक्षा में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस दौरान बीईओ श्योपुर मधु शर्मा ने भी छात्र छात्राओं से बातचीत करते हुए उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी अशोक शर्मा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।



### रायपुरा में बांटी स्कूल स्टेशनरी

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शास. प्रा. वि. रायपुरा, शास.हाई स्कूल रायपुरा में समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पहुंची खण्ड शिक्षा अधिकारी श्योपुर मधु शर्मा ने बच्चों से भेंट कर उनसे जाना कि वह अपना भविष्य कैसा चाहते हैं। उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया एवं बैग तथा पुस्तक वितरण की दूसरी पढ़ाई सामग्री वितरण की। साथ ही स्टाफ को मस्ती की पाठशाला के माध्यम से छात्रों की विद्यालय मैं उपस्थित बढ़ाने के निर्देश दिए।

एनएच के अधिकारी बोले राशि जमा करने के बाद भी नहीं लग पाए बिजली मीटर

# नेशनल हाईवे 552 पर कई जगह लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीश, एक्सीडेंट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले से होकर गुजरे नेशनल हाइवे 552 पर यूं तो सोंईकलां से कलमी गांव के बीच लगी स्ट्रीट लाइटे लगी हुई है। लेकिन ये स्ट्रीट लाइटे रात्रि के दौरान जलने के बजाए शोपीश बनी हुई है। जिसके चलते नेशनल हाइवे पर रात्रि के दौरान अंधेरा पसरा रहता है। ऐसे में रात्रि के दौरान एक्सीडेंट होने का खतरा बना हुआ है। जिसकी वजह बिजली कंपनी की उदासीनता जिम्मेदार मानी जा रही है। क्यांकि नेशनल हाइवे के अधिकारी दावा कर रहे है कि सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा स्ट्रीट लाइटों पर बिजली की सप्लाई चालू करने के लिए विधिवत बिजली कनेक्शन ले लिया और राशि भी जमा कर दी है। लेकिन राशि जमा करने के तीन महीने बीतने के बाद बिजली कंपनी न तो मीटर लगा रही है और न ही बिजली की सप्लाई चालू कर रही है। उधर बिजली कंपनी के अधिकारी इस मामले को दिखवाते हुए कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे है।

चंबल नदी के पाली पुल से लेकर सबलगढ तक तीन चरणों में बनकर तैयार होने वाले टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 के पहले चरण का काम कंपलीट हो गया है। पहले चरण के तहत चंबल नदी के पाली पुल से लेकर गोरस तक नेशनल हाइवे का काम कंपलीट हो गया है। रात्रि के दौरान इस हाइवे पर सडक दुर्घटना न हो,इसके लिए सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा नेशनल हाइवे के प्रमुख तिराहो और चौराहो पर स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। कुछ जगह सौर उर्जा से चलने वाली लाइट लगाई गई है। जबकि कुछ जगह ऐसी स्ट्रीट लाइटे भी लगाई गई है, जो बिजली सप्लाई चालू होने पर नेशनल हाइवे को दूधिया रोशनी से जगमग करेगी।



### यहां लगी स्ट्रीट लाइटें बंद रहती

इस नेशनल हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि इस हाइवे पर जगह जगह स्ट्रीट लाइटे लगा दी गई है। लेकिन तीन स्थानों सोंईकलां, रायपुरा में बर्धा तिराहे के पास तथा कलमी गांव के पास लगी स्ट्रीट लाइटे तो रात्रि के दौरान बंद ही बनी रहती है। जिससे हाइवे पर अंधेरा पसरा रहता है। चूंकि यहां तिराहा होने से अंधेरे के कारण सडक दुर्घटना होने का अधिक खतरा बना हुआ है। एनएच के अधिकारी बता रहे है कि जनवरी 2026 में ही उपरोक्त स्थानों पर लगी स्ट्रीट लाइटों पर बिजली की सप्लाई चालू किए जाने के लिए सडक निर्माण कंपनी के द्वारा बिविधत कनेक्शन लेने की कागजी प्रक्रिया पूरी करने और राशि भी जमा करवा दी गई है। लेकिन इसके बाद भी इन स्थानों पर न तो बिजली कंपनी के द्वारा अभी तक बिजली के मीटर लगाए है और न ही बिजली की सप्लाई चालू की गई है।

### तो फिर कहां अटक गई बिजली

विचारणीय पहलू तो यह है कि एनएच के अधिकारी बिजली कनेक्शन लेने के लिए तीन माह पहले ही कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए राशि जमा कराने की बात कह रहे है। लेकिन बिजली कंपनी श्योपुर के महाप्रबंधक एलएन पाटीदार का कहना है कि हमारे पास नेशनल हाइवे पर स्ट्रीट लाइट के बिजली कनेक्शन संबंधी कोई फाइल पेडिंग नहीं है। ऐसे में यदि जब दोनो विभाग के अधिकारी अपनी अपनी जगह सही बोल रहे है तो फिर सवाल उठ रहा है कि बिजली बीच में आखिर कहां पर अटक गई है। हालांकि जिम्मेदारों को इसका पता लगाने की जरूरत है। मगर इस दिशा में जिम्मेदारों की अनदेखी से रात्रि के दौरान नेशनल हाइवे पर हादसों घटित होने का खतरा बना हुआ है।

### इनका कहना है...

सडक निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा बिजली कनेक्शन लेने के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद राशि भी जमा करवा दी गई है। लेकिन तीन माह होने के बाद भी मीटर नहीं लग सका है।


विजय अवस्थी
उपयंत्री नेशनल हाईवे

हमारे पास नेशनल हाइवे की कनेक्शन लेने संबंधी कोई फाइल पेडिंग नहीं है। यदि एनएच के अधिकारी राशि जमा होने की बात कह रहे है तो फिर वे हमे राशि जमा करने की रसीदे दिखाए है। इसके बाद हम दिखवाएंगे कि बिजली कनेक्शन क्यां नहीं हो पाया है।

एलएन पाटीदार
महाप्रबंधक बिजली कंपनी,श्योपुर

# चोरो ने दो मकानों के ताले तोड़कर समेटे नकदी और जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने घरों के ताले तोड़कर नगदी और जेवरात सहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। चोरी की पहली वारदात ढेगदा वन चौकी परिसर स्थित वनकर्मी के आवास की है। जहां वनकर्मी दिनेश कुमार अपने परिवार के साथ अपने गांव जोरा गए हुए थे। इसी दौरान सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत की 10 ग्राम सोने की चेन, 50 हजार रुपए कीमत की 5 ग्राम सोने की अंगूठी और एक जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ले गए। चोरी की दूसरी घटना चैनपुरा निवासी कमलेश मेरोठा के घर में हुई। बताया जा रहा है कि रात के समय इलाके में बिजली नहीं थी, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़ा। उस समय परिवार के सदस्य मकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहे थे, जिससे उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। चोर घर से करीब 70 हजार रुपए नगद, पांच चांदी के सिक्के, पायल, बिछिया, करीब 250 ग्राम की चांदी की पायल और चार सोने के मोती लेकर फरार हो गए। इस मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने घटना स्थलों का मौका मुआयना करते हुए चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

# पीएम श्री कॉलेज में व्याख्यान माला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के निर्देशन में श्योपुर जिले की जीवन रेखा मानी जाने वाली सीप नदी के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्योपुर के तत्वावधान में पीएम श्री महाविद्यालय श्योपुर में "सीप नदी का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवदान" विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा, व्याख्यान माला में विषय विशेषज्ञ सीप नदी के विभिन्न पहलुओं आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को सीप नदी के महत्व से अवगत कराना तथा इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत कविता पत्नि दीपक सेन उम्र 25 साल निवासी गणेश कॉलोनी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम पन्हौआ निवासी अरविन्द पुत्र बालकिशन जाटव उम्र 18 साल की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई, युवक को उल्टीयां होने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय कोलुआ रोड़ पर गैस एजेंसी पर काम करने वाले एक 19 वर्षीय युवक पारस पुत्र मनोज जैन निवासी पोहरी जिला शिवपुरी की करंट लगने से मौत हो गई है। यह घटना उस समय हुई जब वह लोहे की रॉड लेकर छत की ओर जा रहा था तभी लोहे की रॉड बिजली के तार से टकरा गई। जिससे उसे करंट लग गया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवाली शेषा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद शर्मा, गजेन्द्र और रानी शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सगौरिया थाना म्याना निवासी प्रदीप आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश आदिवासी ने साले से मजाक मजाक में गाली गलौच की और गाली देने से मना करने पर डंडे से हमला कर दिया जिससे चोटे आईं है। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ऑक्सी चक्क निवासी रामबाबू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पालकी यात्रा कस्बे के मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची



**शाढ़ौरा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खडिया मोहल्ला श्री पंचदशनाम प्राचीन बाल हनुमानजी मंदिर अखाड़ा प्रांगण पर भव्य पालकी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होती हुई निकली। भव्य पालकी यात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां पालकी शोभायात्रा का समापन किया गया।

---

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया

# आखिरकार कजराई नदी पर कई वर्ष प्रतिक्षा के बाद पुल का निर्माण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर जिले के भ्रमण के पहले दिवस विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के ग्राम कजराई पहुंचे। ग्राम कजराई में 43 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण कर ग्राम पंचायत वासियों को समर्पित किया। इसी प्रकार ग्राम कजराई स्थित अशोकनगर पिपरई मार्ग के 13 /10 में ओर नदी पर 7 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। इस पुल की कुल लंबाई 120 मीटर है।

उन्होंने कहा कि ग्राम कजराई स्थित ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण से आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा। इस पुल के बन जाने से मुंगावली, पिपरई से अशोकनगर जाने में नागरिकों को निर्बाध यातायात उपलब्ध होगा। वर्षाकाल के दौरान यह मार्ग बंद हो जाता था,जिससे नागरिकों को काफी परेशानी होती थी। उल्लेखनीय है कि यह पुल नीचे था और सड़क ऊंची बनी हुई थी इस कारण नदी का पानी पुल के ऊपर से जाता था, 7 से 8 फुट पानी पुल के ऊपर होना सामान्य बात थी। जिसके कारण आम लोगों का निकलना बंद हो जाता था, कईं घटनाएं ऐसी भी हो चुकी हैं जिन्होंने पुल पर पानी होने के दौरान पुल पर से ही वाहन निकालने का प्रयास किया। कईं सालों तक इस पुल का निर्माण चलता रहा, ठेकेदार भी बदले, जब कहीं जाकर इस पुल का निर्माण अब जाकर हो पाया है। इस पुल के बनने के बाद अशोकनगर और पिपरई का सड़क संपर्क अब पूरे वर्ष भर बना रहेगा तथा पिपरई से मुंगावली की भी आसानी से यात्रा की जा सकेगी।

### सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएंः सिंधिया

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ग्रामीण विकास की अवधारणा को साकार करते हुए ग्राम पंचायत कजराई द्वारा सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवन स्मार्ट पंचायत भवन में बनाया गया है। जिससें ग्राम पंचायत के निवासियों को फ्री वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही निगरानी हेतु सीसीटीवी और शासकीय कार्यो के संपादन हेतु डिजिटल मीटिंग हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कजराई भवन जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत है। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष अशोकनगर नीरज मनोरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, सरपंच कल्पना कलावत सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### जिले में अब कोई भी रास्ता ऐसा नहीं जहां पुल न हो

अशोकनगर जिले में अब वर्षाकाल के दौरान भी आसानी से कहीं भी यात्रा करना कठिन नहीं होगा, जिन मार्गों पर पुल नहीं थे उन मार्गों पर भी सड़कों के साथ पुलों का निर्माण हो चुका है। पहले पुल का निर्माण सिंध नदी पर हुआ था, यहां पहले पुल नहीं था और सिंध नदी के पानी के कारण अशोकनगर और आरोन का सड़क संपर्क टूट जाता था लेकिन वहां भी सोवत के समीप पुल का निर्माण हो चुका है जिससे अशोकनगर आरोन की बीच दूरी भी कम हुई है। इसी प्रकार कजराई नदी पर यह दूसरा पुल था जो वर्षा काल में बंद हो जाता था, वहां भी पुल बनने से रास्ता आसान हो गया है।

---

## विकास के लिए किए जा रहे निरंतर

# विधायक ने किए पांच करोड़ के कार्य के भूमिपूजन व लोकार्पण



**बीना।** नगर के समग्र एवं सतत विकास को गति प्रदान करने के लिए विधायक निर्मला सप्रे द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विकास अधोसंरचना योजना के अंतर्गत नगर के 25 वार्डों के लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई है। यह स्वीकृति नगर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राम वार्ड एवं मस्जिद वार्ड में 22 लाख 26 हजार की लागत से सीसी रोड एवं बीटी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, साथ ही नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि बीना नगर के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आमजन को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे कार्यक्रम के दौरान सागर संभाग के प्रभारी गौरव सिरोठिया, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामाकांत बिलगैया, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, पार्षद अतीक खान, राजकुमारी ठाकुर, नव नियुक्त मनोनीत एल्डरमैन पवन गुलाटी, मुकेश जैन, शुभम तिवारी, राजा बाबू यादव, आलेख राय, शशि कुशवाहा एवं रतन यादव सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### गुड फ्राइडे के मौके पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** शहर के सेंट थॉमस चर्च पर गुड फ्राइडे का दिन प्रभु यीशु को याद करने का दिन था। उनके द्वारा मानवता के लिए किए गए कार्यो का प्रार्थना सभा के माध्यम से स्मरण किया गया। यह दिन मानव जाति की मुक्ति के लिए प्रभु यीशु के बलिदान को याद किए जाने का दिन है। आज के दिन प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपने प्राण त्याग दिए थे। ईसाई धर्म के अनुसार प्रभु यीशु ने मानव जाति को विनाश से बचाने के लिए पापों से दूर रहने की शिक्षा दी और उन्होने अपने जीवन काल मे कई उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होने निर्दोष होते हुए भी पापियों की मुक्ति के लिए क्रूस पर अपने प्राण त्याग दिए थे। गुड फ्राइडे के मौके पर अशोकनगर के सेंट थॉमस चर्च मे बडी सख्या मे ईसाई धर्म के अनुयायी पहुचें। यहा एक दिन पहले की रात से आयोजित प्रार्थना सभा मे भाग लिया। यहा प्रभु यीशु की सात वाणियों पर प्रकाश डाला गया। 3 बजे प्रभु यीशु की मृत्यु के बाद और तीन दिन बाद प्रभु यीशु के पुर्नजन्म होने के अवसर पर पर्व मनाया गया। इसलिए इसे गुड फ्राइडे के रूप मे मनाया जाता है।

---

# दो कचरा वहनों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने किया जा रहा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी नगर में पिछले 11-12 दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। नगर पालिका के सफाई कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं, जिससे पूरे शहर में गंदगी का अंबार लग गया है। हालांकि प्रशासन वैकल्पिक रास्तों से स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा है, लेकिन धरातल पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।

### प्रशासनिक रुख

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि वे शहर को साफ रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है और काम में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### खास बातें

- गुरुवार को आंदोलनकारी सफाई कर्मियों ने कचरा वाहनों को रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में वाहनों को रवाना किया गया।
- नगर पालिका फिलहाल 2 से 3 कचरा वाहनों और जेसीबी के माध्यम से मुख्य ढेरों को साफ करवा रही है। सफाई दरोगा रवि खन्ना और रुमेश खन्ना के परिवारजन कुछ वार्डों में सफाई का जिम्मा संभाले हुए हैं।
- कचरा तो उठाया जा रहा है, लेकिन गलियों और सड़कों पर झाड़ू न लगने के कारण धूल और छोटी गंदगी की समस्या बनी हुई है।
- नगर पालिका ने कड़ा रुख अपनाते हुए अब तक 17 स्थाई सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

### जनता का आक्रोश सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं

शहर की जनता में इस अव्यवस्था को लेकर भारी रोष है। नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि वह नगर पालिका को टैक्स मूलभूत सुविधाओं के लिए देते हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शहर साफ नहीं हुआ, तो वे टैक्स भरना बंद कर देंगे। हमें इससे मतलब नहीं कि पैसा कहां जा रहा है, हमें सिर्फ शहर में सफाई चाहिए। हमारी गाढ़ी कमाई का पैसा सिर्फ वेतन बांटने के लिए नहीं, बल्कि सुविधाओं के लिए है। बता दें कि 1 अप्रैल को जन आक्रोश रैली के माध्यम से चंदेरी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें प्रशासन को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। अब अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होने को है, ऐसे में नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो उग्र आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---

## 15 वर्षीय गुमशुदा बालिका 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब

**अशोकनगर।** 1 अप्रेल 2026 को फरियादी द्वारा थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त सूचना पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 186/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव को बालिका की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप 2 अप्रेल को नाबालिग बालिका थाना चंदेरी में उपस्थित हुई, जिसको मौके पर विधिवत दस्तयाब किया गया। बालिका ने अपने कथन में उसके साथ कोई घटना नहीं घटित होना बताया, दस्तयाब बालिका को वनस्टॉप भेजा गया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी, प्रधान आरक्षक उम्मेद सिंह, प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक हरीश भार्गव, आरक्षक विष्णु प्रजापति, आरक्षक आनंद राजपूत एवं महिला आरक्षक रौली राजा चैहान की विशेष भूमिका रही।

---

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने 1424.24 लाख की लागत के 78 कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास






हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद मुंगावली में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा 245 लाख रूपये की लागत के 13 कार्यो का लोकार्पण एवं 1179.24 लाख रूपये के 65 कार्यो का शिलान्यास किया गया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जिंदगी के प्रथम चरण से आखिरी चरण तक मुंगावली के विकास के लिए तत्पर रहूंगा। जब भी मुंगावली आता हूं तो खाली हाथ नहीं आता हूं। आज मुंगावली क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात लेकर आया हूं। मुंगावली क्षेत्र में सड़क, रेल,अधोसंरचना के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना स्वीकृत कराई गई। ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल के लिए राजघाट परियोजना के अंतर्गत 100 गांव को लिए राशि स्वीकृत कराई गई। इसके आधार पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही 6 करोड रुपए की राशि अतिरिक्त पेयजल हेतु स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण अशोकनगर जिले के लिए 922 करोड रुपए की पेयजल योजना के लिए राशि स्वीकृत कराई गई। उन्होंने मुंगावली के भुजरिया तालाब के संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कराए जाने की बात कही।

### हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजना के अंतर्गत हितलाभों का वितरण किया गया। जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पत्रों, नगर परिषद द्वारा पट्टा वितरण, आवास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रों का वितरण,लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत प्रमाण पत्रों का वितरण,कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों का वितरण, एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा दुधारू पशु योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल, उपाध्यक्ष श्वेता मनीष मोदी, जनपद अध्यक्ष विजयालक्ष्मी जैन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला यादव, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, भाजपा महामंत्री नरेश ग्वाल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

## अगड़ दम- बगड़ दम पर जमकर थिरके श्रोता

# गणगौर मेले में लोक गायिका कविता शर्मा का जलवा

**अशोकनगर।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के सुप्रसिद्ध जागेश्वरी गणगौर मेले की शाम कल बुंदेली सुरों से सराबोर रही। बुंदेलखंड की मशहूर लोक गायिका कविता शर्मा ने अपनी खनकती आवाज़ और चटकीले लोकगीतों से ऐसा समां बांधा कि पांडाल में मौजूद हर शख्स मंत्रमुग्ध हो गया।

### सुपरहिट गीतों की रही धूम

कविता शर्मा ने जैसे ही मंच संभाला, चंदेरी की फिज़ा में बुंदेली लोक संस्कृति की महक घुल गई। उन्होंने अपने सबसे लोकप्रिय गीतों की झड़ी लगा दी। अगड़ दम-बगड़ दम, नॉन ज्यादा मिर्ची कम.. पर लोगों ने खूब तालियां बटोरीं। जा कड़ी बगर गई..और कबाऊ जा दुकनिया, कबाऊ बा दुकनिया..जैसे गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नाय माये फिरती जगती मोहनिया...के जरिए उन्होंने बुंदेली लोक गायकी की वह मिठास बिखेरी, जिसकी मांग स्थानीय लोग काफी समय से कर रहे थे।

### प्रचार-प्रसार की कमी ने फीका किया उत्साह

एक तरफ जहाँ कविता शर्मा का जादू मंच पर सिर चढ़कर बोल रहा था, वहीं दूसरी ओर श्रोताओं की संख्या उम्मीद से कम रही। इसका मुख्य कारण प्रचार-प्रसार की भारी कमी को माना जा रहा है। शहर में ढंग से मुनादी या



सूचना न होने की वजह से कई लोग इस सुरीली शाम का हिस्सा बनने से चूक गए। कविता शर्मा को सुनने की इच्छा तो बहुतों की थी, लेकिन कार्यक्रम की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी, जिससे भीड़ वैसी नहीं दिखी जैसी उनकी लोकप्रियता के हिसाब से होनी चाहिए थी।

### नपा ने मानी जल्दबाजी में हुई चूक

21 मार्च से शुरू हुआ यह मेला 5 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है। इस बार मेले में बुंदेलखंड के कई नए और उभरते कलाकारों को मंच दिया गया। व्यवस्थाओं को लेकर उठे सवालों पर नगर पालिका प्रशासन ने अपनी सफाई देते हुए स्वीकार किया कि मेले की तैयारियां आनन-फानन में की गई थीं। समय कम होने के कारण उतनी बेहतर व्यवस्थाएं नहीं दी जा सकीं जितनी चंदेरी की जनता हकदार है। नगर पालिका का संकल्प प्रशासन ने वादा किया है कि अगली बार प्रचार-प्रसार से लेकर कलाकारों के चयन और जन-सुविधाओं तक, हर मामले में मेले को और भव्य व व्यवस्थित बनाया जाएगा।

---

## धर्म सभा को सुनने भक्तों की उमड़ी भीड़

# मन को छल, कपट, राग-द्वेष से दूर करने की कोशिश करुंगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





आप अपने भाव को तो प्रकट करो आप एक कदम तो बढ़ाओ एक साथ आप कुछ भी नहीं छोड़ सकते इसके लिए कुछ तो करना पड़ेगा। आप भगवान से कहें कि जन्म जरा मृत्यु से हम ऊपर उठे ऐसा करने के लिए आप देवताओं को भेज दो कि जब भी मैं संसार में उलझने के लिए कुछ करू तो देवता मुझे रोक दें। मुझे कुछ दिव्य वचन सुनने को मिले कि मैं इस संसारी सुख को छोड़ कर तेरी शरण में ही अपने मन लगा सकूं। मैं अपने मन को क्षमा वान दयालु करुणा वान बनकर अपने मन को शांत कोमल सरल स्वभाव को बनाऊंगा। अपने मन वचन काय को सुन्दर रूप में प्रस्तुत करना चाहता हूं। उक्त आश्य केउद्गार संत निवास सुभाषगंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए दया भावना प्रेरक मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

**शांति नाथ मंदिर की होगी वेदी प्रतिष्ठा श्री फल भेंट कर मुनि पुंगव के पास जायेगी कमेटी** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परमपूज्य गुरुदेव शांतिनाथ मंदिर की वेदी प्रतिष्ठा तक आपका सानिध्य हमें प्राप्त हो इस हेतु कमेटी मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ को श्री फल भेंट करने देवगढ़ जा रही है। पूज्य श्री आपके नेतृत्व में हम परम पूज्य की अगवानी करना चाहते हैं। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा पूर्व महामंत्री रमेश तारई हेमंत टडैया संदीप बड़कुल सहित अन्य प्रमुख जनो ने श्री फल भेंट किया।

**भक्ष अभक्ष जो भी मिला सब खा लिया इतना भी विवेक नहीं है** मुनि श्री ने कहा कि मैं अपनी भूख को इतना महत्व देता हूं कि जहां ढाबा मिला भक्ष अभक्ष जो भी मिला सब खा लिया। मुझे इतना भी विवेक नहीं है पापी दुराचारी असभ्य लोगों को पसंद आ जाऊ इसके लिए मैने कुछ भी कहीं भी खाना पीना शुरू कर दिया। दुनिया की हर चीज मैं अपने साथ रखता हूं लेकिन एक छोटा सा कपड़ा नहीं रखा जिससे जल को छानकर नहीं पीया। अपवित्र जल जीव जन्तुओं से रहित जल की खोज की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। मन पसंद व्यंजन को खोजता रहता हूं यह तो अच्छा है कि साधु संत ने हमारे लिए कुछ अनुशासन सिखाया है। इस संसार में क्या क्या हो रहा है सबसे पहले तो दुनिया की किचिन ही किच किच से भर गई वो तो यह साधु संतों की मेहर बानी है कि आज मेरा रसोईघर कुछ ठीक है मैंने प्रभु आज्ञा को जान कर भी अपने मन को ही माना।

**थूवोनजी में मुनि संघ व आर्यिका संघ का एक साथ हुआ प्रवेश हुआ** जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज ससंघ एवं आचार्य विराग सागर जी महाराज की प्रथम शिष्या गणनीं आर्यिका विशाश्री माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। जहां संत संघ का तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास पूर्व महामंत्री विपिन सिंघई क्षेत्र के मंत्री राजेन्द्र हलवाई मंत्री शैलेन्द्र दद्दा मंत्री प्रदीप जैन रानी सहित अन्य प्रमुख जनो ने संघ को श्री फल भेंट किये इस दौरान भक्तो के साथ आचार्य संघ ने तीर्थ क्षेत्र की वंदना की।